श्री शंकराचार्य जी का

निर्वाण शट्कम

विवरणः ब्रह्मर्षि तटवर्ति वीर राघव राव



शंकराचार्य जी का

निर्वाण शट्कम



विवरणः ब्रह्मर्षि तटवर्ती वीर राघव राव

हिन्दी अनुवादः श्री नागेश्वराव

For Books Please Contact :

TATAVARTHY VEERA RAGHAVARAO

Tatavarthivari Street, BHIMAVARAM-534201.

W.G.Dist., A.P. Ph: 94403 09812

Rs.50/-

ब्रह्मविध्वरिष्ठ तटवर्ति राज्यलक्ष्मी के हिन्दी किताब

1) एक और जन्म Rs.160/-
2) साधना में स्थितियाँ.................................. Rs.80/-
3) ज्ञान माला... Rs.70/-
4) श्री दत्तात्रेय जी का 24 गुरूओं ।................ Rs.70/-
5) अगर मानव को योगी बनना है तो ?........... Rs.60/-
6) गुरु पूर्णिमा का विशिष्टता Rs.60/-
7) महात्माओं का संदेशों............................... Rs.50/-
8) मानव के कर्तव्यों.................................... Rs.50/-
9) गुरु पूर्णिमा का विशिष्टता Rs.50/-
10)शाकाहार ही मानव का आहार है!.............. Rs.50/-

ध्यान की पद्धति - श्वास पर ध्यान

हर किसी को अपने लिए उपयुक्त सुखासन में आराम से बैठकर.. दोनों हाथों को मिलाकर... आंखों को बंद करके... सहज रूप से होने वाले उच्छ्वास और निश्वास पर गौर करना है!

बीच में कई सारे विचार हमारे मन में आते रहते हैं, उन सबका खंडन करते हुए... वापस हमारे ध्यान को श्वास पर लाना है... ध्यान भटकता रहेगा लेकिन वापस श्वास पर ध्यान लाते रहना है. धीरे-धीरे.. विचार रहित स्थिति प्राप्त होगी... चित्तवृत्ति का निरोध होगा मन शून्य बन जाएगा। मन शांति प्राप्त करेगा। यही ध्यान स्थिति है।

इस विचार रहित स्थिति में प्राप्त होने वाले शारीरिक, तंत्रिका व्यवस्था और आत्मानुभव पर ध्यान देते रहना है। उस स्थिति में असीमित विश्वमय प्राणशक्ति शरीर के अंदर प्रवाहित होकर तंत्रिका व्यवस्था की शुद्धि करती है। इस शक्ति के कारण सारे रोग दूर हो जाते हैं। तंत्रिका व्यवस्था की शुद्धि के कारण सारे कर्म दूर हो जाते हैं।

साधारण रूप से मनुष्य की उम्र जितनी है.. कम से कम उतने मिनट तक.. हर रोज दिन में दो बार... ध्यान करना है।

श्री शंकराचार्य जी का
निर्वाण शट्कम

''विभाजनकारी के विधि से यह नहीं, यह नहीं, करके असत्य वस्तुओं को अलग करने के बाद, जो भी वेदांत शास्त्र से सूचना किया गया हैं, वही ब्रह्मं है। उतना ही नहीं जो भी द्वैत नहीं है, निरंतर आनंद स्वरूप है, वह एक ही है, वही ब्रह्मं है, को जानना चाहिए।''

मतलब यहां पर सृष्टि में, सत्य और असत्य दोनों मिला हुआ है, अवास्तविकता और वास्तविकता दोनों मिले हुए हैं, राक्षसों और देवताओं मिलकर रहते हैं। सब कुछ मिलकर रहने वाला ही सृष्टि है, यह प्रपंच है।

माया, सत्य यह दोनों भी मिलकर ही रहते हैं। विचित्र कि बात क्या है ? कि यह माया मतलब असत्य ही सच्चाई जैसे दिखता है। इसीलिए इनका विभाजन करना चाहिए। कैसे ? एक-एक को लेकर यह सत्य नहीं है, यह सत्य नहीं है, करके असत्य वस्तुओं को अलग करके, मतलब बाजू में रखने के बाद, अंत में जो भी रहता है, जैसे वेदांत शास्त्र में कहा गया है, जानिए वही ब्रह्मं है।

उस असत्य वस्तुओं, जिस को विभाजित करना है, और अलग करना है, वह क्या क्या है ? का विषयों के बारे में भी श्री शंकराचार्य जी ने निर्वाण शट्कम में बहुत विस्तार से दिया गया है।

शट मतलब छे। निर्वाण शट्कम मतलब निर्वाण पाने के बाद उनके स्थिति कैसे होता है, इन 6 श्लोकों में बताया गया है। अगर आप इनको ग्रहण कर सकते हैं, और उस स्थिति तक आप पहुंच सकते हैं, तब आप निर्वाण पाया समान है। और अभी भी अगर आप उस भाव से रहते हैं, तब उस स्थिति तक पहुंचने के लिए और बहुत समय लगता है। इसीलिए इन 6 श्लोकों में श्री शंकराचार्य जी ने जैसे कहा है, क्या-क्या

कहा है, इन सारे विषयों को हम जानते हैं।

1) मनो बुद्ध्यहंकार चित्तादि नाहं
न च श्रोत्र जिह्वे न च घ्राणनेत्र ।
न च व्योम भूमि र्न तेजो न वायुः
चिदानंद रूपः शिवोहम शिवोहम ।।

तात्पर्यः मानस, बुद्धि, चित्त, अहंकार, करके चार वृतियां करने वाला अंतःकरण मैं नहीं हूँ। नाक, आंख, कान, जीभ, और चर्म, करके पांच ज्ञान इंद्रियों मैं नहीं हूँ। आकाश, भूमि, जल, अग्नि, वायु, करके पांच भूतों, मैं नहीं हूँ। मैं चिदानंद रूप शिव ही हूँ, शिव ही हूँ।

श्री शंकराचार्य जी ने कहा है कि मैं मानस नहीं हूँ। लेकिन हर कोई इस मानस को ही प्रामुखता देते हैं, इस मनस को संतुष्ट करने को प्रयत्न करते हैं, अपना पूरा जीवन उसी के लिए समर्पित करते हैं, और यह सब कुछ करने के बाद अगर देखेंगे, कि आप मानस है, तो मालूम पड़ता है कि आप मानस नहीं है।

आप देखिए, इस बाहर के इंद्रियों मतलब ज्ञानेंद्रियां या कर्मेंद्रियां, मानस के हिसाब से काम करते हैं। मानस जो भी कहता है वही करते हैं। इन इंद्रियों द्वारा ही मानस को बहुत संतुष्टी मिलती है। इसीलिए मानव लोग अपना पूरा जीवन मनस को संतुष्ट करने के लिए ही प्रयत्न करता है। मनस भी इन इंद्रियों द्वारा सुख पाने के लिए चाहता रहता है।

आंखों द्वारा अपनी पसंदीदा देखना चाहता है, कान द्वारा पसंदीदा सुनना चाहती है, नाक द्वारा पसंदीदा सुगंध पाना चाहता है, जीभ द्वारा पसंदीदा खाना चाहती है, चर्म द्वारा सुख पाने के लिए गर्मियों में कूलर लगाते हैं, ऐसे ही सर्दियों में हीटर लगाने को चाहता है ।

ऐसे जीते जीते बहुत सुख पाया है करके सोचते हैं। ठीक है सुख पाया है, और सुख पाने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं। लेकिन इस सुख कौन अनुभव कर रहा है ? वह सुख सिर्फ मानस ही अनुभव कर रहा है। और

इसी सुख के लिए पूरा जीवन प्रयत्न करते हैं। और अगर मानस को ऐसे सुख पाना है, तब मुख्यता पैसे की जरूरत है।

इसीलिए हर एक व्यक्ति पैसे कमाने के पीछे पढ़ते हैं, और दिन में ज्यादातर समय उसी के लिए समर्पित करते हैं। कुछ लोग काम करते हैं, कुछ लोग व्यापार करते हैं, और कुछ लोग अपना नैपुन्य के हिसाब से कुछ ना कुछ वृत्ति करते हैं। ऐसे कई तरह के काम करते हैं और पैसे कमाते हैं।

किस लिए ? अपना मानस को संतुष्ट करने के लिए। और अपना पूरा जीवन उसको संतुष्ट करते ही रहते हैं। असलियत में आप यह मानस है क्या ? मतलब नहीं है। असलियत में आप कौन हैं ? मतलब आप चिदानंद रूप शिव है, करके कहते हैं श्री शंकराचार्य जी। हर वक्त आनंद रहना वाला ही आनंद स्वरूप शिव, मतलब उस ब्रह्म ही मैं हूँ। उसी को आत्मा भी कहलाते हैं। मतलब आप आत्मा होकर अपना पूरा जीवन इस मानस के पीछे पड़ गए हैं। मानस को संतुष्ट करने में ही आप कष्ट कर रहे हैं, और कमा रहे हैं, और सुखी रखते हैं।

इसीलिए पत्री जी कहते हैं कि अपनी जरूरतों तक ही सीमित रहना है। अपने चाहतों का गुलाम नहीं बनना है। चाहते मानस को संबंधित है, ज़रूरतें शरीर संबंधित है। इस शरीर को चलाने के लिए उनको कुछ ज़रूरतें हैं। सही वक्त पर खाना खाना। और इसी के बारे में पत्री जी कहते हैं कि एक टुकड़ा रोटी और थोड़ा सा अचार काफी है न।

मतलब ऐसे जीना को नहीं कहा है। इसका मतलब यही है कि जो भी कुछ है वह शरीर को देने से इसका जरूरत पूरी हो जाती है। कोई भी कपड़ा पहनने से जरूरत पूरा हो जाती है। इसके लिए ज्यादा कीमती कपड़े या रेशम के कपड़े कोई जरूरत नहीं है। कोई एक छोटा मकान अच्छा है, इसका कोई महल की जरूरत नहीं है।

आप आत्मा है और उसका उच्च स्थिति पाने के लिए आपको चाहिए साधना, और ज्ञान पाना चाहिए। यह दोनों संभव है जब तक शरीर

है। वह शरीर काला हो या सफेद हो, छोटा हो या लंबा हो, कैसे भी हो। आत्मा के लिए उच्च स्थान पहुंचने के लिए काम जो करना है या आत्मा को लाभ पहुंचाने वाले काम इस शरीर के साथ करवाना चाहिए। इसीलिए आप जो आत्मा है, इस भूमि पर आकर यह शरीर लिए हैं। केवल इस शरीर को सुख रखने के लिए आप नहीं आए हैं।

विचित्र की बात क्या है! जिस शरीर से आप साधना करवाने चाहते हैं, उस शरीर, वह सब कुछ छोड़कर बीच में रहने वाला मानस को प्रमुखता देते हैं। आत्मा के बारे में आपका शरीर ध्यान नहीं दे रहा है। एक काम के लिए आए हैं और कर रहे हैं कुछ और। इसका कारण कौन है ? मतलब मानस ही कारण है। इस मानस के माया में पड़कर, शरीर को जिस काम के लिए उपयोग करना है वह नहीं कर कर, कुछ और के लिए उपयोग कर रहे हैं।

सच में कहना है तो जो भी लोग इस ज़ूम क्लास में आ रहे हैं, और भीमावरम क्लास में आ रहे हैं, वही लोग मानस के माया जाल से निकलने का प्रयत्न कर रहे हैं। और बाकी लोग मानस के माया जाल में फंसकर ऐसे ही जी रहे हैं। क्योंकि ऊपर लोकों में जब रहते हैं आप सिर्फ एक आत्मा ही होगा, और वहां पर कुछ निर्णय लेती है। उसी को प्रणालिका कहलाता है। जो आप आत्मा हैं एक शरीर लेकर उस तरह के कामों करने के लिए इस पृथ्वी पर एक प्रणालिका के साथ आते हैं।

वहां पर सिर्फ आत्मा है इसीलिए आपको आत्मा को महान लोगों से कुछ काउंसलिंग/ उपबोधन होता है। वह सभी लोग हर समय सिर्फ आत्मा के उन्नति के बारे में बताते हैं। वह लोग पहले ही बताते हैं, आप पृथ्वी पर जा रहे हैं, शरीर लेंगे, शरीर के साथ-साथ मानस भी तैयार होता है, उसके माया जाल में नहीं पडना है, इसका प्रयोजन को नहीं मानना है, उनके तरफ आकर्षित नहीं रहना है। और उस मनस के गुलाम नहीं बनना है, यह काम करो, वह कम करो और आप कितना महान बन

जाएंगे करके ऊपर वाले वहां पर उपबोधन करते हैं। आपको मतलब आत्मा को।

लेकिन भूमि पर आकर शरीर लेने के बाद यह सभी भूल जाते हैं। सिर्फ एक शरीर ही दिखता है इसीलिए इस को मैं समझते हैं। आत्मा के बारे में कोई भी अवगाहन नहीं होता है। इसीलिए उस शरीर के लाभों के लिए ही काम करते रहते हैं। भूमि पर आकर हम भूल जाते हैं का विषय प्रकृति को मालूम है।

इसीलिए प्रकृति में एक इंतजाम है। प्रकृति क्या करती है ? अपने जीवन में कई सारे संगठनों द्वारा, और ऐसे ही कुछ लोगों द्वारा जो माया को हासिल किए हैं, ऐसे सद्गुरुओं द्वारा अपना कर्तव्य को बोधन करते हैं और अपना लक्ष्य को याद दिलाते हैं, और अपना प्रणालिका प्रकार जीने को सूचनाओं देते हैं।

ऐसे ही इस प्रपंच में इनके बारे में बताने के लिए महान लोग और योगी लोगों का लिखने वाले कई सारे ज्ञानमय किताबें हैं। उन किताबों द्वारा भी यह सारे विषयों बताते हैं। ऐसे कई सारे प्रकार से प्रकृति ने, आत्मा जो भूल गई है उन विषयों को याद दिलाती है। उतना ही नहीं अंतरात्मा प्रबोधन द्वारा मतलब शरीर में आत्मा द्वारा संकेत देती रहती है। इतने सारे प्रकार में आपको याद दिलाती रहती है, फिर भी इतना बलवान माया के प्रभाव में रहने वाला मनस को इन सभी को छोड़कर सिर्फ अपने सुख को देखती हैं।

आप एक बार श्री रमण महर्षि को देखिए, जो कुछ मिलता था वही खाता था। वह अपने कपड़ों के लिए, या कुछ अलंकार करने के लिए लाखों, करोड़ों रुपए खर्च नहीं किया है। थोड़ा बहुत बारिश से और धूप से रक्षण के लिए एक छोटा सा घर में रहता था, बस। उनको कुछ चाहतें नहीं थे, सिर्फ अपने जरूरतों तक ही सीमित रहकर, आत्मा का उन्नति के लिए श्रम किया है। आपको उस तरह जीने कि जरूरत नहीं है।

आपके पास जो कुछ भी है उसको अनुभव कीजिएगा, कुछ नहीं है करके रोना नहीं, और उन चीजों को कमाने के लिए गलतियां और पाप नहीं करना चाहिए। अपने परिवार को देखभाल करते-करते ही अपने खाली समय में आत्मा के लिए श्रम कीजिएगा करके पत्री जी ने हमें बोध किया है। आपका जरूरतों को छोड़ने को कभी उसने कहा नहीं है। आपका परिवार को संभालते ही, आपको निर्वाण पाना चाहिए, संसार में ही निर्वाण कहा है पत्री जी ने।

इसीलिए जो भी इस अंत:करण मानस को, मैं नहीं हूँ जानकर, तीव्र साधना करने से उस मानस का प्रामुखता कम कर कर, अपने मानस को अपना स्वाधीन में रखते हैं, वही लोग निर्वाण पा सकते हैं। ऐसी स्थिति पाकर यह सभी मैं नहीं हूँ, मैं शिव हूँ, जो ब्रह्मं को जानेंगे वही लोग निर्वाण पाया है। यही सब कुछ इस श्लोक द्वारा श्री शंकराचार्य जी हमें बोध करते हैं ।

इसने और क्या कहा है कि, आंख, कान, जीभ करके ज्ञानेंद्रियों भी मैं नहीं हूँ। और उसने कहा है कि आकाश, भूमि, जल, अग्नि, वायु करके पांच भूतों भी मैं नहीं हूँ। क्योंकि इन पांच भूतों से ही शरीर बनाया हुआ है। वह सभी मैं नहीं हूँ। मैं शिव हूँ, मैं ब्रह्मं हूँ का विषय को जानने को कहा है।

श्री शंकराचार्य जी द्वारा कहने वाला

दूसरा श्लोक ।

इस सृष्टि में दिखने वाली और सृष्टि किया गया कुछ भी शाश्वत नहीं है। वह सभी कुछ ही देर के लिए रहने वाले हैं। वह सभी उस ब्रह्मं से सृष्टि किए गए हैं।

इसलिए उस ब्रह्मं ही शाश्वत है। उस ब्रह्मं से ही सृजन किया अंश भी शाश्वत ही है। जो सृष्टि किए गए हैं वह अलग है, और उनसे सृजन हुए हैं वह अलग है। उनसे जो सृष्टि किए गए हैं वह सभी कुछ ही देर के लिए रहते हैं। वह जो सृष्टि किए गए हैं कुछ देर के लिए रहेगी और इसके बाद अदृश्य हो जाएंगे।

लेकिन उनसे सृजन हुआ उस अंशात्मा भी ब्रह्मं है। सब एक ही है। अंश और वह, दोनों एक ही है। इसीलिए जीसस क्राइस्ट ने कहा कि मैं और मेरे पिता दोनों एक ही है। और मैं और आप, दोनों एक ही हैं। यहां पर हम सभी लोग सृष्टि किया गया शरीर को ''मैं'' समझते हैं। लेकिन यह दिखनें वाली और सृष्टि किए गए शरीर हम नहीं है। हम सब आत्माएं हैं। यही रहस्य है जो जानना चाहिए और यही सत्य है जो जानना चाहिए।

जब तक यह नहीं जानेंगे तब तक, कोई भी जन्मों लेते ही रहेंगे। जब अपने आप को जानेंगे तभी जन्म नहीं होगा। श्री रमण महर्षि भी कहते थे कि अपने आप को जानो। क्या जानना है? मैं ब्रह्मं हूँ को जानना चाहिए। बहुत कुछ है, लेकिन कुछ भी मैं नहीं हूँ। उस स्थिति तक जब हम पहुंचेंगे तभी हमें जन्म नहीं रहेगा।

इस लोक में सभी लोग इसको जानने के लिए प्रयत्न नहीं कर कर, जबरदस्ती समझकर शादी करते हैं, जबरदस्ती समझकर बच्चे पैदा करते हैं। और बहुत समस्याओं आए हैं करके कहते हैं। जन्म लेने के बाद, कुछ भी समस्याएं नहीं होंगे क्या? जितने सारे चीजों से आप तुलना

करेंगे तो भी बाधाएं जरूर रहेगी। जबकि श्री शंकराचार्य जी ने कहा है कि मानव लोग जबरदस्ती इस गंदगी में उतर रहे हैं। तो इसके बारे में श्री शंकराचार्य जी द्वारा कहा हुआ दूसरा श्लोक अभी जानते हैं।

2) न च प्राण संज्ञो नवै पंचवायुः
न व सप्त धातु र्नवा पंचकोषः ।
न वाक्पाणि पादौ न चो पस्थ पायू
चिदानंद रुपः शिवोहम शिवोहम ।।

तात्पर्यः प्राण, अपान, उदान, व्यान, समान, करके पांच वायु, मतलब पांच प्राणों, मै नहीं हूँ। ऐसे ही इस स्थूल शरीर का कारण रस, रक्त, मांस, मेधा, हड्डियां, अस्थिमज्जा, शुक्ल सोणितायें, ऐसे सत धातुओं, मैं नहीं हूँ।

अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनंदमय, करके पंच कोशों, मै नहीं हूँ। उतना ही नहीं कर्मेंद्रियां जैसे हाथ, पैर, वॉक, मल द्वार और मूत्र द्वार, मैं नहीं हूँ। मैं चिदानंद रूप शिव ही हूँ, चिदानंद रूप शिव ही हूँ, को कहा है।

अगर यह आपको अच्छी तरह याद रहेगा, तब आपको ममकार नहीं रहता है। इनके लिए अपना जीवन को बर्बाद नहीं करते हैं। विचित्र की बात यह है कि जबरदस्ती हम इसमें फस जाते हैं। हमें क्यों सोचना है कि यह जबरदस्ती करना है ? और बाद में क्यों कहना है कि मैं फंस गया हूँ ?

इसी प्रकार बहुत लोग इन पांच प्राणों को ही आत्मा समझते हैं। आत्मा अलग है और पांच प्राण अलग है। शरीर में पांच तरीके के वायु संचार को ही पांच प्राण कहते हैं। और शरीर में जब तक आत्मा रहती है, आत्म शक्ति रहती है, तभी यह वायु का संचार रहती है। मतलब इन पांच प्राणों शरीर में रहते हैं। इसीलिए कहते हैं कि जब आत्मा निकल जाती है यह पांच प्राणों हवा में मिल जाते हैं। ऐसी हवा में मिल जाते हैं को क्यों

कहते हैं ? मतलब हवा, हवा में नही मिल जाती है तो और किस में मिलता है !

जब कोई मर जाता है हम कहते हैं कि उसका प्राण चला गया है। और यह मामूली सी बात हो गई है। प्राण चला गया है मतलब उस प्राण ही आत्मा है का समझ रहे हैं बहुत लोगों । लेकिन पांच प्राणों अलग है, और आत्मा अलग है। आत्मा और इन पांच प्राणों के बीच कुछ भी संबंध नहीं है। यहां पर श्री शंकराचार्य जी ने स्पष्ट से कहा है कि इन पांच प्राणों मैं नहीं हूँ!

और उसने क्या कहा है कि इस स्थूल शरीर का कारण सप्त धातुओं, मैं नहीं हूँ। और पंचकोषों, मैं नहीं हूँ। पंचकोषों मतलब आत्मा के ऊपर रहने वाले पांच आवरणों है।

अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनंदमय, करके पंचकोषों भी मैं नहीं हूँ, को उसने कहा है।

बहुत लोग मरने के बाद समझते हैं कि हम शरीर छोड़ देते हैं और आत्मा ऊपर चली जाती है। लेकिन सबसे पहले भौतिक शरीर को छोड़ते हैं, तीन दिनों के बाद इस प्राणमय शरीर छूट जाती है। इसके बाद में रहने वाले तीन शरीरों, मतलब मनोमय शरीर, बाद में विज्ञानमय शरीर और आनंदमय शरीर। यह तीनों कोषों के साथ, आत्मा ऊपर लोकों में जाती है।

यह सभी सूक्ष्म शरीरों हैं, किसी को दिखती नहीं है। मुझे बहुत लोग पूछते हैं कि, यहां पर जो हम करते हैं दोबारा हम ही अनुभव करते हैं ना ? और आत्मा को कुछ भी नहीं होता है ना ? जब सभी आत्माएं एक ही हैं, तो उनके किए हुए कर्मों उन्हीं के पास कैसे जाते हैं ? करके पूछते हैं।

सभी आत्माएं एक ही हैं लेकिन उनके ऊपर का आवरणों के वजह से उनको पहचानते हैं। वहां पर उस भुवर लोक में कुछ दिनों कुछ समय, और कुछ समय सुवर लोक में रहने के बाद, इस मनोमय कोष

छोड़ देते हैं। पूरी मिलाकर आत्मा के ऊपर यह कोषों रहते हैं। इसीलिए जो भी कर्म करते हैं, उन्हीं के खाता में जमा हो जाते हैं। अगर सोचेंगे कि दूसरों के पापों मुझे मिल जाएगा! और मेरे पुण्य दूसरों को चला जाएगा! आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऊपर में ऐसी समस्याएं नहीं रहेंगे।

अगर आप अच्छाई करते हैं, वह आप ही के साथ रहेगा। और अगर बुराई करते हैं, वह भी आप ही के साथ रहेगा। इसीलिए आपने जो भी कुछ किया है आप ही के खाता में चले जाती है। और उन्हीं कर्मों से आप कुछ लेकर दोबारा जन्म लेते हैं। जब जन्म लेते हैं दोबारा इन आवरणों को पहन कर भूमि पर आते हैं, और मां के गर्भ में शरीर में प्रवेश करते हैं। भौतिक शरीर मा तैयार करती है। इस तरह आप जन्म लेते हैं। यहां पर भौतिक शरीर दिखती है, लेकिन दूसरे शरीरों नहीं दिखते हैं। इसीलिए सहज है कि सभी लोग समझते हैं कि और कुछ नहीं है।

लेकिन पत्री जी ने कहा है कि भौतिक शरीर के अलावा, और छे शरीर रहते हैं। लेकिन श्री शंकराचार्य जी ने इस कारण शरीर, महा कारण शरीर तक ही बताए हैं। महा कारण शरीर में यह सभी विभाग हैं। महाकारण शरीर में उस निर्वाणमय शरीर स्थाई तक अगर पहुंचते हैं, तब आपका पहचान खो जाते है। और जब वह भी छोड़ देते हैं, इसी के बाद आपको मोक्ष मिलेगी, और जन्म रहित स्थिति पा सकते हैं।

यही विषय हमें तुलसी दलम -1 पुस्तक में पंच विंषति करके टॉपिक में पत्री जी ने बताया है। तुलसी दलम सामान्य किताब नहीं है। वह अद्भुत ज्ञान देने वाला पुस्तक है। इसीलिए पत्री जी ने कहा है कि, जब भी आप ज्ञानी बनेंगे तभी दूसरे ज्ञानियों को समझ पाते हैं। अगर आप डिग्री में आते हैं, तब पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट को आप समझ सकते हैं। अगर आप पांचवी क्लास में रहते हैं, तब पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट को कैसे समझ पाएगा? और जब आप पीजी में आने के बाद ही पीएचडी वाला आपको समझ आएगा। यह भी ऐसा ही है।

इसीलिए यह सभी मैं नहीं हूँ को जानना चाहिए। यह सभी अब है। कुछ समय बाद यह नहीं रहेंगे। जब वह नहीं रहते हैं आप वह कैसे हो सकते हैं ? सिर्फ शाश्वत शिव, मतलब उस परम ब्रह्मं ही आप है। इन सभी से आपको कुछ संबंध नहीं है। जो यह बात समझता है, वह लोग इन सभी चीजों को कम प्रमुखता देते हैं। अपने आप को, मतलब आत्मा को, ज्यादा प्रमुखता देते हैं। ऐसे लोगों ही आखिरी जन्म में आ गए हैं।

अगर आप समझते हैं कि यह अनिवार्य है, तब आपको और कुछ जन्मों लेना पड़ता है। कौन क्या कर सकता है ? अगर आपको वही अच्छा लगता है, वही लेंगे। पत्री जी ने भी यही कहा है कि कोई जल्दी नहीं है। जब तक आप संतुष्ट नहीं रहते हैं, कितने भी जन्म ले लो, पूरी तरह से अनुभव कर लो, मस्ती करो, भूमि पर रहने वाले सारे नव रसों को अनुभव करो।

उन सारे अनुभवों के बाद, तब आपको लगेगा कि इसमें कुछ नहीं है तभी आप लोग इसमें आएंगे। एक प्रकार से कह सकते हैं कि आप सभी लोग उस स्थाई तक पहुंच गए हैं, तभी यहां पर आए हैं।

लेकिन अगर आपको लगता है कि अनिवार्य है, मतलब आप रहना चाहते हैं, अगर आपको वह नहीं है मतलब आप यहां रहने नहीं चाहते हैं। जो रहना चाहता है उसको मोक्ष नहीं मिलेगा, जिसको रहना नहीं चाहता है उन्हीं को मोक्ष मिलता है। इसी को मुमुक्षत्व कहते हैं।

श्री शंकराचार्य जी को अपने माता जी ने कहा था। मेरा बेटा ! आप शादी कर कर, बच्चों पैदा कर कर, सुख रह सकते हैं ना ? क्यों इतना कष्ट ले रहे हो ? तब उसने कहा है की माता जी मुझे कुछ नहीं चाहिए। इन सभी की जरूरत नहीं है, उनके लिए मैं इस भूमि पर नहीं आया हूँ। और बाद में उन्होंने बहुत लोगों को ज्ञान पहुंचाया है ।

और जो अनिवार्य समझते हैं, वह सभी लोग शादी कर लेते हैं। लेकिन जब कष्ट आते हैं कहते हैं कि मुझ पर भगवान को दया नहीं है।

मुझे कम समझ कर बहुत कष्ट दे रहे हैं। और कहते हैं कि कैसे पत्नी दिया है ? या पति दिया है ? करते वक्त अच्छी तरह कर लेते हैं, अनिवार्य समझ कर। तब बाद में भगवान के ऊपर आप छोड़ देते हैं। मतलब जब तक करते हैं आपको मीठा लगता है करने के बाद आपको तीखा लगता है। और कहते हैं कि आप मुझे नहीं चाहिए, चले जाइए। अगर वही लड़कियां है तो कहते हैं कि मैं आपके पास नहीं रहूँगा, मैं अपने माई के पास चले जाऊंगा।

इसीलिए श्री शंकराचार्य जी ने कहा है कि आप यह सभी नहीं है, आप चिदानंद स्वरूप उस परम ब्रह्मं ही आप है। इस विषय को आपको समझना चाहिए। और बाकी सब चीजों को आप समझ कर, उसमें फंस जा रहे हैं। असलियत में आपको उन चीजों से कुछ भी संबंध नहीं है, कहते हैं श्री शंकराचार्य जी ने ।

श्री शंकराचार्य जी द्वारा कहने वाला

तीसरा श्लोक।

मानव के शरीर में जो जो ब्रह्मं नहीं है, उनके बारे में यह छे श्लोकों में श्री शंकराचार्य जी ने विवरण दिया है। उन्हीं को निर्वाण शट्कम कहलाता है। उसमें से अभी तीसरा श्लोक जानते हैं।

श्लोक ।।   न मे द्वेष रागौ न मे लोभ मोहौ
मदो नैव मे नैव मात्सर्य भावः ।
न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षः
चिदानंद रूपः शिवोहम शिवोहम ।।

तात्पर्य :

या राग द्वेषों, या लोभ मोहों, मैं नहीं हूँ। मद मात्सर्यो मैं नहीं हूँ। यह सभी पांच भौतिक अंत:करणें को संबंध है। मैं सर्वात्मा हूँ, नित्य मुक्त हूँ। इसीलिए मुझे पुरुषार्थों जैसे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, कुछ भी नहीं है। मैं चिदानंद रूप शिव ही हूँ, शिव ही हूँ।

यहां पर राग, द्वेष या लोभ, मोह मैं नहीं हूँ को कहा है। देखिए कि मानव को सहज में यह राग, द्वेष, लोभ, मोह रहते हैं। राग मतलब अनुराग, अपने लोगों पर अनुराग और दूसरे लोग पर द्वेष रहता है। अपना मजहब पर राग, दूसरों पर द्वेष। अपना जाति पर अनुराग दूसरे जातियों पर द्वेष रहता है। अपना देश पर अनुराग और दूसरों पर द्वेष रहता है।

इन प्रकार के राग द्वेष जिसमें रहते हैं, वह लोग मैं ब्रह्मं हूँ को नहीं जान पाएंगे। इनमें से आप अगर कुछ भी प्रदर्शन करते हैं, इसका मतलब ''मैं ब्रह्मं हूँ'' का स्थिति, मतलब ''मैं आत्मा हूँ'' का स्थिति, अभी आप नहीं पहुंचे हैं। बहुत लोग आत्मा स्थिति को प्राप्त करना का मतलब क्या है ? को पूछते हैं। आत्मा की तरह कैसे जीना है ? को पूछते

हैं।

अगर आप एक बार इस निर्वाण शट्कम, मतलब 6 श्लोक को पढ़कर, इन 6 श्लोकों में श्री शंकराचार्य जी ने जैसे बोध किया है, उसने जो जो कहा है कि, मैं नहीं हूँ , अगर इसके तरह जिएंगे, और आप में अगर ऐसे लक्षणों नहीं है, तब आप आत्मा की तरह जी रहे हैं। आत्मा के स्थिति में है! और आप ब्रह्मं बन गए हैं !

बहुत लोग सालों से ध्यान करने के बाद भी, जितना भी ज्ञान प्राप्त किया हो, अगर आपके अंदर इन लक्षणों है, इसका मतलब आप उस स्थाई तक नहीं पहुंचे हैं। आप लोग अभी भी मैं आत्मा हूँ, मतलब मैं ब्रह्म हूँ, मैं शिव हूँ, जाना नहीं है। उस अवगाहन अभी आपके अंदर नहीं है। इसीलिए आपका साधना और ज्ञान और ज्यादा बढ़ाना चाहिए।

बहुत लोग थोड़ा सा अनुभवों पाने से ही अपने आप को बहुत आगे बढ़ गए करके समझते हैं। जब आंखें बंद करते हैं एक पेड़ या कुछ और दिख जाते हैं वह अपने आप को समझते हैं कि तीसरी आंख खुल गई है और यह बात सबको बता देते हैं। यह पागल लोगों भी ऐसे ही समझते हैं कि, वह थर्ड आइ मास्टर बन गया है और उन्हें यह शीर्षक दे देते हैं।

जब कोई उनसे कहते हैं कि आप बहुत आगे बढ़ गए हैं! आप कितने घंटे तक ध्यान करते हैं दिन में ? तब वह थर्ड आइ मास्टर बन गया करके समझते हैं, और ज्यादा दिखावटी शुरू करते हैं। उन्हें यह सारे लक्षणों है कि नहीं, वह नहीं देखते है।

यहां पर अगर आपका थर्ड आइ, मतलब तीसरी आंख, खुल भी गया, तो दूसरों को बताने की क्या जरूरत है ? अगर बताए हैं मतलब उनमें अहंकार है कि सिर्फ उन्हीं को मिला है, और दूसरों को नहीं मिला है। सच्ची में जिसका तीसरी आंख खुल जाती है और अगर वह प्रदर्शन नहीं करते हैं, तब उनमें गर्व नहीं है। याद रखिएगा कि अपने पिछले जन्मों देखे

हैं तो यह बात दूसरों को बताने की क्या जरूरत है ? और बताने से भी क्या फायदा है उनके लिए ?

यह सारे बताने में दूसरों के लिए क्या फायदा है ? सोचिए ?

अगर तीसरी आंख खुल भी गया तब उसको उपयोग कर कर ज्ञान समुपार्जन करना चाहिए। तीसरी आंख मतलब आप जहां बैठे हैं, वहीं से पूरी सृष्टि को, सृष्टि में रहने वाले सारे लोकों को देख सकते हैं, बहुत लोगों को देख सकते हैं। कई सारे विषयों को जान सकते हैं, जो मामूली आंखों को दिखाई नहीं देता है। बहुत सारे ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उनको पाओ ! दूसरों को बताने से क्या फायदा है ? इसी को गर्व कहलाते हैं।

अगर किसी को तीसरी आंख खुली और आपको नहीं, अगर आपको उनसे जलन होता है मतलब आप आगे नहीं बढ़ा है। किसी को आने से आपको क्या फायदा है ? किसी के पास पैसे है तो आपका क्या है ? किसी को अवार्ड मिला है तो आपका क्या है ? किसी का भवनों या बड़े इमारतें बनने से आपको क्या है ? किसी ने गाड़ी खरीदा तो आपको क्या है ? उनसे आपका क्या लेन देन है ? आप ब्रह्मं है ! समस्त आपके अंदर है। इस सृष्टि में आपके अलावा कुछ भी नहीं है। सब कुछ आप ही से सृजन हुए हैं। अगर आप इस भाव में है कि, उनके पास है और मेरे पास नहीं है, मतलब आपने कुछ सीखा नहीं है। आत्मा स्थिति में आप नहीं है। सिर्फ देह स्थिति में आप हैं।

अगर आप लोभी है मतलब किसी के लिए भी खर्च नहीं करते हैं, ज्ञान पाने वाले किताबें भी नहीं खरीद पाते हैं, किसी को कुछ भी नहीं दे पाते हैं। मोह मतलब व्यामोह। किसी चीज पर व्यामोह, उस पर या इस पर, या सब कुछ पर जो देखते हो उस पर व्यामोह होता है। अगर ऐसे लक्षणों आप में है, मतलब आप अभी भी आत्मा स्थिति में नहीं आए हैं। यह जानना चाहिए। इसका मतलब, मैं ब्रह्मं हूँ, का विषय अभी भी आपके समझ में नहीं आया है ।

निर्वाण शट्कम में श्री शंकराचार्य जी के कहने वाले विषयों में कम से कम एक विषय को आचरण कर रहे हैं कि नहीं? को देखना चाहिए। और अगर आप के अंदर सारे लक्षणों है, तब आप आत्मा जैसे कहां बने हैं? अभी भी आप देह के स्थिति में है। पता नहीं और कितने जन्मों लगेंगे !

इसीलिए यह सभी आपके संबंध नहीं है, आप ब्रह्मं है। यह सभी पांच भौतिक अंत:करण संबंधित है, करके श्री शंकराचार्य जी ने कहा है। पांच भूतों संबंधित इस शरीर का अंत:करण, मतलब मानस, बुद्धि, चित्त और अहंकार, से संबंधित है यह सभी, और कुछ नहीं है।

जब शरीर छोड़ देते हैं यह सभी हवा में मिल जाते हैं। कुछ भी नहीं रहेगा। और वही सब आप प्रदर्शन कर रहे हैं। मतलब आप आत्मा स्थिति अभी तक कहां पहुंचा है? आत्मा की तरह कहां जी रहे हैं? वह सभी मैं नहीं हूँ, मैं सर्वात्मक हूँ, सर्वत्र व्यापित हुए आत्मा हूँ। नित्य मुक्त हूँ, मतलब मुझे मुक्ति की अवसर भी नहीं है।

अगर इन सभी को आप समझेंगे, और यह सभी को आप प्रदर्शन करते हैं, तभी आपको मुक्ति चाहिए। अगर इन सभी से संबंधित नहीं है का स्थिति में आप रहेंगे, तब आपको मुक्ति की क्या जरूरत है?

अगर आप आत्मा हैं तब मुक्ति क्या है? आप तो नित्य मुक्त हैं! यह सभी को नहीं जानकर आप समझ रहे हैं कि मुझे इतना कष्ट है, मुझे ही इतना सारे मुश्किलें हैं, समस्याएं हैं, मुझे झगड़े हैं करके आप दुखी हो रहे हैं।

इस प्रकार पुरुषार्थ जैसे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, यह सभी मुझे कुछ है ही नहीं। उनसे मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं चिदानंद रूप शिव हूँ, ब्रह्म हूँ, आत्मा हूँ।

इसीलिए मैं हर वक्त आनंद स्थिति में हूँ, आनंदित हूँ, इसलिए मैं दुख मे रहने वाला नहीं हूँ। इसका मतलब दु:ख के स्थिति में भी आप

आनंद की स्थिति में रहना चाहिए। जब मैं ही ब्रह्म हूँ, मुझे दुख क्या है ? इन सभी से मेरा कोई संबंध क्या है ? जब आप समझते हैं कि यह सभी मेरा है, और यह सब लोग मेरे हैं, तभी दुख पा रहे हैं। असलियत में इनसे आपको कोई संबंध नहीं है।

जिस शरीर के लिए आप इतना तपन हो रहे हैं, तापत्रय हो रहा है, वह शरीर आप है ही नहीं ! शरीर संबंध मानस, बुद्धि, चित्त, अहंकार, यह सभी आप नहीं है। राग, द्वेषों, लाभ, मोह, मद, मात्सर्य, यह सभी आपको कुछ संबंध नहीं है। लेकिन अगर आप प्रदर्शन कर रहे हैं, मतलब आपको अभी तक मालूम नहीं हुआ है। उस स्थिति तक जब आप आएंगे तभी आप बढ़ गए हैं।

इसीलिए श्री शंकराचार्य जी का कहने वाले इन विषयों को जब आप अवगाहन करेंगे, तब आपको खुद समझ में आएगा, कि, आप किस स्थिति में हैं।

श्री शंकराचार्य जी द्वारा कहने वाला

चौथा श्लोक ।

श्लोक।। **न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं**
न मंत्रो न तीर्थं न वेदो न यज्ञः ।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता
चिदानंद रुपः शिवोहम शिवोहम ।।

तात्पर्यः

मैं न पुण्य हूँ, न पाप हूँ। मैं न सुख हूँ, न दुख हूँ। मैं न मंत्र हूँ, न तीर्थ क्षेत्र हूँ। मैं वेदों नहीं हूँ, या वेद विहित यज्ञ मैं नहीं हूँ। खाने वाला पदार्थ यह नहीं हूँ, और खाने का क्रिया भी, न खाने वाला मैं हूँ। मैं चिदानंद स्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ।

देखिए यहां पर बहुत लोग पाप करते हैं, और कुछ लोग पुण्य भी करते हैं। लेकिन वह सभी ब्रह्मं को संबंध नहीं है। मतलब आत्मा को संबंध नहीं है। जब हम पाप करते हैं दुख मिलता है, और पुण्य करने से भोग मिलता है। मतलब मानव लोग अनुभव करने वाला सुख या दुख आत्मा को संबंध नहीं है। आप जितना भी दुख अनुभव करो उन सभी, वह नहीं है।

इसीलिए भागवत गीता में, और पत्री जी ने भी क्या कहा है ? कि आप को पाप कर्म भी नहीं चाहिए और पुण्य कर्म भी जरूरत नहीं है। उनको छोड़कर आत्मा कर्मों को करने को कहते हैं। वही आपको मोक्ष दिलाते हैं। मतलब उस ब्रह्मं स्थिति तक पहुंचाते हैं। मोक्ष का मतलब देह स्थिति से, मनोस्थिति से, बुद्धि स्थिति से, पार कर आत्मा स्थिति तक, मतलब ब्रह्मं स्थिति तक पहुंचना है। वही मोक्ष है। तभी ब्रह्मं जैसे बनेंगे। मैं ही ब्रह्मं हूँ का स्थिति में रहते हैं।

यह सभी आत्मा संबंधित नहीं है। इस शरीर से करने वाले पुण्य या पाप, या सुख या दुख, यह सभी मैं नहीं हूँ, को कहा है। भोगों को इकट्ठे कर कर सुख पाते हैं। एसी में रहकर, गाड़ियों में घूम कर, हर दिन अच्छा सा भोजन खाकर, कई सारे सुंदर दृश्य देखते हैं, मधुर संगीत सुनते हैं, और समझते हैं कि मैं सुख पा रहा हूँ।

लेकिन जब आप मैं ब्रह्मं हूँ, मैं आत्मा हूँ, का स्थिति पहुंचते हैं, यह सभी से संबंध नहीं रखते हैं, का विषय आपको समझ आता है। और उनके लिए आप दौड़ते नहीं हैं। और पाने का प्रयत्न भी नहीं करेंगे, और उनके ना रहने पर दुख नहीं होते हैं। अगर है तो अनुभव कर लेते हैं, नहीं है तो चुप रहते हैं। यह सारे विषयों पत्री जी द्वारा हम जान सकते हैं।

पत्री जी ने क्या कहा है कि, जब है तो अनुभव कीजिएगा, अगर नहीं है तो न होने का भाव नहीं रखना है। और उसने इस आना-पाना सती मतलब ''श्वास पर ध्यास'' ध्यान सबको बोध करने के लिए बहुत सारे गांव गए हैं। उनका अपना उद्योग भी छोड़ दिया है। और उनके पैसे कमाने का वह एक मात्र तरीका था। कभी भी उनके जेब में पैसे नहीं रहते थे। ऐसे ही उन्होंने रेल का जनरल बोगी में, और बस में खड़े होकर भी, बहुत सारे गांव घूमते रहते थे।

वह कहते थे कि कभी-कभी एक जगह पर उनको चाय पीने का मन करता था, लेकिन उनके पास पैसे नहीं रहता था। और इसलिए नहीं पीता था। और जिसको यह ''श्वास पर ध्यास'' ध्यान पर आसक्ति दिखाते थे, उनको सिखाने के लिए वह प्रयत्न करते थे। और जिनके मन नहीं लगता है उनके बारे में वह सोचते नहीं थे, बस छोड़ देते थे उनको।

उन लोगों को जिसका आसक्ति था, ऐसे लोगों के पास कभी-कभी पैसे भी नहीं होते थे। और घरों में इतना सुविधाएं उपलब्ध नहीं रहते थे। और पत्री जी ने कभी भी नहीं देखा है कि वह उनको कुछ सुविधाएं दे सकता है या नहीं। वहां जैसे था वैसे ही रहते थे। बड़े-बड़े काट दिया

नहीं तो, कभी एक कंबल ओढ़ कर सो जाते थे, नीचे सो जाते थे। वह लोग जो दिया था वही खाते थे।

लेकिन बाद में इस ध्यान का महत्व समझ कर, बहुत लोग इस मार्ग में आए हैं। धीरे-धीरे यह ध्यानी लोग बढ़ने से उनको थोड़ा-थोड़ा सुविधाएं बढ़ने लगा। जब मैं 2002 नवंबर में इस ध्यान में आया था, बस में घूमते थे और उस समय उस स्थिति को देखकर उसको कुछ फील नहीं हुआ है।

उसको सिर्फ जाना था, कैसे भी, कहीं भी! वह सुविधाओं को नहीं देखते थे। अंत में तो वह हवाई जहाज में भी घूमते थे। उस स्थिति तक पहुंचे हैं कि बड़े-बड़े गाड़ियों में घूमते थे। इसीलिए कहते हैं कि जब है उसको अनुभव करो, जब नहीं है यह मत समझना मेरे पास नहीं है।

जब आप आत्म स्थिति में पहुंच जाते हैं, और उस अनुभूति पाते हैं, इन सभी चीजों पर ध्यान नहीं रखते हो। श्री शंकराचार्य जी ने जैसे कहा है कि ब्रह्मं स्थिति, मतलब आप ही ब्रह्मं बन जाने कि स्थिति है। पुण्य भी या पाप भी आपके संबंध नहीं है। सुख भी या दुख भी मैं नहीं हूँ और उस पर दृष्टि नहीं रखते हो। अगर है तो सही, नहीं भी है तो भी सही।

श्री शंकराचार्य जी ने और क्या कहा है ? कि न मंत्र, न तीर्थ क्षेत्र, मैं नहीं हूँ। लेकिन कुछ लोग मंत्र जाप करते हैं, और कुछ लोग गुरु के पास मंत्र उपदेश पाते हैं। लेकिन वह सभी ब्रह्मं को संबंधित नहीं है। इसीलिए पत्री जी कहते हैं कि, मंत्र और जाप नहीं चाहिए। आपको जो करना है वह ''आना-पाना सती'' है, मतलब ''श्वास पर ध्यास'' ध्यान है । सिर्फ वही करना है। इस मंत्र से आपको संबंध नहीं है, श्री शंकराचार्य जी ने कहा है।

ऐसे ही बहुत लोग भगवान को दर्शन करने के लिए तीर्थ स्थल जाते हैं । और श्री शंकराचार्य जी ने कहा है कि मैं तीर्थ स्थल भी नहीं हूँ। वहां पर जाकर स्नान करते हैं, मंदिर में दर्शन करते हैं, लेकिन वह सभी मैं नहीं हूँ, को कहा है।

ऐसे ही वेदों, या वेद विहित यज्ञ, मैं नहीं हूँ, उसने कहा है। बहुत लोग समझते हैं कि इन वेदों महान है, और उनको महान पुण्य कर्म मानते हैं। लेकिन यह पुण्य कर्म है भी तो, लेकिन वह काम्य कर्म है। किसी कामना से करते हैं। अगर सोचेंगे तो, उस परम ब्रह्मं के लिए कुछ कामना ही नहीं होते हैं। उनके पास क्या नहीं है ? सब कुछ उसी का है ! सब कुछ उसी ने सृष्टि किया है। है ना ? इसीलिए श्री शंकराचार्य जी कहते हैं कि उस कामनाओं से मेरा कुछ भी संबंध नहीं है, और मैं नहीं हूँ।

